राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल मंगलवार से उदयपुर दौरे पर

जयपुर, 19 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार से तीन दिवसीय उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र मंगलवार को मोहनलाल सुखाड़िया विष्वविद्यालय उदयपुर के दीक्षांत समारोह और बुधवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

वे बुधवार शाम उदयपुर के शिल्पग्राम परिसर में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव का शुभारम्भ करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र का गुरुवार को जयपुर वापसी का कार्यक्रम है।

---

## राज्यपाल ने अनिरुद्धाचार्य महाराज की भागवतकथा सुनी

जयपुर, 19 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को स्टैच्यू सर्किल स्थित होटल हवेली परिसर में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी द्वारा सुनाई जा रही श्रीमदभागवत कथा का श्रवण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र करीब एक घण्टे तक वहां रुके।

---